दिनांक 21.10.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

इस दीवाली गोधन से बनी दीयों से रोशन होंगे घर, गोबर खरीदी केंद्रों में तैयार किए जा रहे है रंग-बिरंगी आकर्षक दीए

भिलाई नगर/ इस दीपावली घर का आंगन गोबर से बने दीयों की रौशनी से रोशन होगा। दीपावली के प्रमुख त्यौहार के आगमन पर घरों में रोशनी के लिए नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांर्गत संचालित गोधन न्याय योजना के खरीदी केन्द्रों में स्व सहायता समूह की महिलाएं गोबर से रंग-बिरंगी दीए तैयार कर रही है। घरों को सजाने के लिए सीनरी और पूजा के लिए श्री लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा बना रही है। जोन- 4 के आयुक्त अमिताभ शर्मा ने बताया कि गोबर से बनी दीयों की अच्छी मांग है। लोग गोधन न्याय योजना के गोबर खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर दीयों की एडवांस बुकिंग करवा रहे हैं , जोन क्रमांक 4 में प्रतिदिन लगभग 10,000 दीया बनाने का टारगेट रखा गया है। प्रदेश से बाहर के लोग फोन नंबर से संपर्क कर दीयों की डिमांड कर रहे हैं। अब तक स्व सहायता समूह की महिलाओं ने 32000 से अधिक दीए तैयार कर चुके हैं। दीए को डेकोरेट करने का काम चल रहा है। डेकोरेशन का कार्य पूर्ण होने के बाद विक्रय किया जाएगा। डिमांड के अनुसार आपूर्ति किया जाएगा। समूह की महिलाओं ने बताया कि गोबर से बनी दीयों की मध्यप्रदेश से भी डिमांड आई है।

जोन-4 में 100 महिलाएं जुटी है दीए बनाने में

जोन-4 वीर शिवाजी नगर के गोबर खरीदी केन्द्र का संचालन करने वाले स्व सहायता समूह की 100 महिलाएं गोबर से दीए बनाने में जुटी हुई है। वहीं जोन- 1 नेहरू नगर के अंतर्गत संचालित शहरी गोठान के गोबर खरीदी केन्द्र में माडल टाउन , कोहका, नेहरू नगर सहित आसपास के क्षेत्र से लगभग एक हजार दीए की मांग आया है। कोसा नगर स्थित गोबर खरीदी केंद्र में दीया बनाने का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा! निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने दीयों के विक्रय को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं तथा दीयों के गुणवत्ता को बरकरार रखने कहा है। विक्रय केन्द्र के लिए ऐसे स्थल का चयन करने कहा गया है , जहां लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सके इसके अलावा ऑनलाइन के माध्यम से विक्रय को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि महापौर व विधायक श्री देवेन्द्र यादव और निगम आयुक्त श्री रघुवंशी की कार्य योजना के मुताबिक गोबर खरीदी केन्द्र आजीविका का केन्द्र बन रही है। निगम प्रशासन के सहयोग से स्व सहायता समूह की महिलाएं गोबर से सजावटी वस्तुएं तैयार कर रही है। दीपावली का त्योहार की वजह से गोबर के दीयों की मांग बढ़ गई है। पूजा के लिए श्री लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं तथा दीया का एडवांस बुकिंग किया जा रहा है।